# डीएम, एसपी, नगर आयुक्त ने अमृत महोत्सव पर शहीदों को नमन कर किया माल्यार्पण दी सच्ची श्रद्धांजलि






**युवा हस्ताक्षर ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस आनन्द व सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ बाल्मिकी नगर आयुक्त संतोष कुमार आदि द्वारा संयुक्त रूप से आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर पीएसी बैण्ड के साथ खिरनी बाग स्थित शहीद स्तम्भ, पं० राम प्रसाद विस्मिल पार्क, गांधी भवन टाउन हॉल, शहीद उद्यान आदि स्थानों पर माल्यार्पण कर अमर शहीदों को नमन किया।

इस अवसर जिलाधिकारी ने कहा कि आज के दिन ही काकोरी कांड हुआ था जिसके बारे में हमारी पीढ़ियां और बच्चे अच्छे प्रकार से जानते है। आजादी के दिवाने जो इस जनपद के अशफाक उल्ला खाँ, ठाकुर रोशन सिंह, पं० राम प्रसाद बिस्मिल के आलावा उनके दल में 7 और लोग थे, जिन्होने आज के दिन अग्रेंजो को चुनौती देते हुए काकोरी में एक प्रतीकात्मक डकैती की थी जिस कारण अग्रेजों का लगा की उनके कानून को चैलेंज किया जा रहा है। आजादी के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रमो में से एक है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह हमारे लिये बहुत ही खुशी का समय है कि हम जनपद शाहजहांपुर से है। तीनों स्वंतत्रा सैनानियों द्वारा शाहजहाँपुर से ही इस घटना को आगाज दिया गया था। उन्होने कहा कि जनपद के नगरीय क्षेत्र में व ग्रामीण क्षेत्रो में इन्ही अमर सैनानियों की स्मृति में इनसे जुड़े हुये प्रत्येक प्रतिष्ठान जहाँ पर इनकी प्रतिमाएं लगी हुई है एवं जहाँ पर यह बैठकर इस प्रकार की योजनाएं बनाते थे व जहाँ पर इनका जन्म हुआ था उन स्थलों पर जाकर अपने शहर के निवासियों के साथ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणो के साथ उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे है। उन्होने बताया कि आज के कार्यक्रम का समापन रात्रि में कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में किया गया। सायंकाल के समय पुलिस के दल द्वारा अमर सैनानियों को राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी जिसके साथ एक शोभा यात्रा निकली। इसी क्रम में गांधी भवन प्रेक्षागृह में एक नाटिका का मंचन का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।